बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

3577
21/04/2020

## आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में से एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी थी, जिसके आधार पर प्रशिक्षण प्रदाता एजेंसी Skillza Growth Pvt.Ltd. को मधुबनी जिले में कुशल युवा केन्द्र KYP code 02020046 तथा Prerna Society of Technical Education & Research को भभुआ जिले में कुशल युवा केन्द्र KYP code 06030011 संचालित किये जाने हेतु पंजीकृत किया गया।

कालान्तर में श्री पप्पु कुमार शर्मा पिता श्री महेन्द्र शर्मा,जिला–मधुबनी के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन में एक आवेदन पत्र समर्पित किया गया, जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया कि वे KYP code 02020046 का संचालन Franchisee mode में कर रहे हैं । उनके द्वारा कुमारी काजल, निदेशक, Skillza Growth Pvt.Ltd. एवं श्री पप्पु कुमार शर्मा के बीच एक हस्ताक्षरित एकरारनामा की प्रति भी समर्पित की गयी, जिसमें 30:70% के Revenue sharing का उल्लेख किया गया है ।

श्री पप्पु कुमार शर्मा से प्राप्त आवेदन के आलोक में बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–1208 दिनांक–17.12.2019 के द्वारा Skillza Growth Pvt.Ltd से स्पष्टीकरण की मॉग की गयी। पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में काजल कुमारी द्वारा अपना स्पष्टीकरण बिहार कौशल विकास मिशन को समर्पित किया गया।

अपने स्पष्टीकरण में उनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि Skillza Growth Pvt.Ltd के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई एकरारनामा नहीं किया गया है ।

जिला नियोजन पदाधिकारी, कैमूर, भभुआ से प्राप्त पत्र एवं पत्र के साथ संलग्न श्री अवधेश कुमार के आवेदन जिसमें उनके द्वारा उल्लेख किया गया कि वे KYP code 06030011 का संचालन Franchisee mode में कर रहे हैं । उनके द्वारा प्रथम पक्ष Prerna Society of Technical Education & Research. एवं द्वितीय पक्ष श्री अवधेश कुमार के बीच एक हस्ताक्षरित एकरारनामा की प्रति भी समर्पित की गयी, जिसमें 10% की राशि काटकर शेष राशि द्वितीय पक्ष को प्रथम पक्ष के द्वारा भुगतान किये जाने का उल्लेख किया गया है ।

उक्त आलोक में बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–1207 दिनांक–17.12.2019 के द्वारा Prerna Society of Technical Education & Research से स्पष्टीकरण की मॉग की गयी। पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में अध्यक्ष, Prerna Society of Technical Education & Research के द्वारा अपना स्पष्टीकरण बिहार कौशल विकास मिशन को समर्पित किया गया ।

अपने स्पष्टीकरण में उनके द्वारा उल्लेख किया गया है कि Prerna Society of Technical Education & Research के द्वारा वर्ष 2017 के पूर्व एकरारनामा किया गया था । परन्तु वर्ष 2017 में बिहार कौशल विकास मिशन से Franchisee के संबंध में केन्द्र संचालित नहीं किये जाने से संबंधित घोषणा पत्र मॉगे जाने के कारण उक्त एकरारनामा को संस्था द्वारा रद्द कर दिया गया था ।

श्री पप्पु कुमार शर्मा एवं श्री अवधेश कुमार के द्वारा समर्पित एकरारनामा की प्रति से स्पष्ट होता है कि कौशल विकास केन्द्र KYP code 02020046 एवं KYP code 06030011 का संचालन सीधे तौर पर Skillza Growth Pvt.Ltd. एवं Prerna Society of Technical Education & Research के द्वारा नहीं किया जा रहा है, अपितु उक्त केन्द्रों का संचालन Revenue sharing के आधार पर किया जा रहा है। Franchisee mode में केन्द्र के संचालन से अनावश्यक रूप से केन्द्र को प्राप्त होने वाले राजस्व का बंटवारा होता है, जिससे केन्द्र में प्रशिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित होती है। Skillza Growth Pvt.Ltd. एवं Prerna Society of Technical Education & Research के द्वारा बिचौलिये की भूमिका निभाई जा रही है, जो कार्यक्रम की गुणवत्ता के लिए हानिकारक है ।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में कुशल युवा केन्द्र KYP code 02020046 का स्वामित्व उसके वास्तविक संचालनकर्ता श्री पप्पु कुमार शर्मा, पिता–श्री महेन्द्र शर्मा, साकिन–बासोपट्टी, जिला–मधुबनी एवं KYP code 06030011 का स्वामित्व उसके वास्तविक संचालनकर्ता श्री अवधेश कुमार, पिता–सीताराम सिंह, ग्राम+पो0–अधौरा, जिला–कैमूर के नाम पर परिवर्तित करने का आदेश दिया जाता है । श्री पप्पु कुमार शर्मा एवं श्री अवधेश कुमार को आदेश दिया जाता है कि वे आदेश प्राप्ति के तीन दिनों के अंदर पोर्टल पर

परिवर्तित किये जाने वाले सूचना यथा–Organisation name, Center name, Owner name, Pan details, Bank account details, email ID एवं मोबाईल नं0 की विवरणी बिहार कौशल विकास मिशन में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि बिहार कौशल विकास मिशन के पोर्टल पर तदनुकूल संशोधन/ परिवर्तन किया जा सके।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

-sd-

( रंजिता,भा0प्र0से0)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–48/2019(खण्ड–1) – 377 पटना,दिनांक– 21/04/2020

प्रतिलिपि– (1) Skillza Growth Pvt.Ltd./ Prerna Society of Technical Education & Research को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

(2) श्री पप्पु कुमार शर्मा, पिता–श्री महेन्द्र शर्मा, साकिन–बासोपट्टी, जिला–मधुबनी एवं श्री अवधेश कुमार, पिता–सीताराम सिंह, ग्राम+पो0–अधौरा, जिला–कैमूर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(3) जिला नियोजन पदाधिकारी, मधुबनी ६ कैमुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(4) मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(5) Project Director, MKCL/ Project Director,E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(6) प्रशासी पदाधिकारी/मिशन प्रबंधक(वित्त एवं लेखा)/मिशन प्रबंधक(समन्वय)/SPMU Incharge मधुबनी ६ कैमूर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(7) जिला कौशल प्रबंधक, मधुबनी ६ कैमूर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

21.04.2020

( रंजिता )
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन

Scanned with CamScanner